Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Need to take steps for revival of Paper Mills in Assam.

डॉ. राजदीप राय (सिल्चर): महोदय**,** मैं आपके सामने बहुत ही संगीन विषय रख रहा हूं। असम के लगभग सभी लोगों में यह चर्चा का विषय है कि असम में दो पेपर मिल्स हैं**,** एक पंचग्राम पेपर मिल और दूसरी जागी रोड में पेपर मिल है**,** जिनमें चार हजार लोग परमानैंट और कॉन्ट्रैक्चुअल रूप में काम करते हैं। उनके अलावा नॉर्थ ईस्ट के करीब एक लाख बैम्बू ग्रोवर्स उन दो मिल्स पर डिपेंडेंट थे। कुछ साल पहले ये दोनों मिल्स बंद हो गई। हमारा यह पोल प्रॉमिस था**,** हम लोगों ने चुनाव से पहले बोला था कि इन मिल्स को चालू करने के लिए जो भी जरूरी काम होगा**,** वे काम करेंगे।

लेकिन आज के दिन ये मिलें बंद होने के कारण दलालखोर लोग और जो लोग मिलों को नष्ट करने में लगे हुए थे, वे आज रास्ते पर आकर उलटा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत कर रहे हैं यानी हम लोगों पर अँगुली उठा रहे हैं।

मैं आपके माध्यम से सरकार से, विशेषकर हमारे प्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और हेवी इंडस्ट्री मिनिस्टर को मेरा एक सजेशन है, अगर वे उन पर ध्यान दें, तो अच्छा होगा।

पहली बात यह है कि वहां पर जितना स्टाफ है, जिनके एरियर बाकी हैं, चाहे पीएफ हो या ग्रेच्युटी हो, उनको दो या तीन हिस्सों में बांटकर दिया जाए, तो बहुत अच्छा होगा। मिलों को चालू करने के लिए जैसे भी हो, किसी प्राइवेट पार्टी को देकर या पीपीपी मोड में यानी कुछ हिस्सा गवर्नमेंट का हो और कुछ हिस्सा प्राइवेट पार्टी का रहे, अगर इस प्रकार से ये शुरू किए जाएं तो हमारे असम के लोग सरकार को बहुत-बहुत दुआएं देंगे।

दूसरी बात, मैं आपके बारे में कहना चाहता हूं। आपकी देख-रेख में लोक सभा टीवी को, जैसे हम लोग यहां पर बैठे हुए हैं और रात के साढ़े बारह-एक बजे तक रहते हैं और लोक सभा टी.वी. के लोग हमारे साथ आपकी देख-रेख में रहते हैं, उनके लिए एक गाइडेंस की जरूरत है। वे दिन भर डिबेट्स-न्यूज में व्यस्त रहते हैं। आज

के दिन पूरे देश में इसका प्रचार हो रहा है।...(व्यवधान)

माननीय सदस्यगण, लोक सभा में लोक सभा के बारे में चर्चा नहीं की जाती है। मैं सभी माननीय सदस्यों से आग्रह करता हूँ।